		Batching Oil Rs.	Soap Rs.	Stores & Spares Rs.	Others Rs.	Lubricating Oil Rs.	Departmental Salaries & Wage Rs.	Steam Rs.	Powe Rs.	Other Works Overhea Rs.	Repair & Maintenance Rs.	Depreciation Rs.	Administration Overhead Rs.	Direct Materia Rs.	Labour Rs.	Overhead Rs.	Other expenses Rs.	Total Rs.	Rs.	Previous year Rs.
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15	16	17	18	19	20	21
(a) Jute Handling ..	M. Ton																			
(b) Batching ..	M. Ton																			
(c) Preparing ..	M. Ton																			
(d) Spinning ..	Spindle hours																			
(e) Winding ..	(i) Piece Workers' Wages direct (ii) Others on Spinning Spindle Hours																			
(f) Twisting	Spindle Hour (Twisting)																			
Total																				
Cost per M. Ton																				

Allocation and absorption rate should be separate for fine and coarse sides.

PROFORMA 'C-2'

(1) Name of the Company.....

(2) Name & address of the Jute Factory.....

	Current year	Previous year
(3) Statement showing the cost of production of fabric (excluding jute cost) from Beaming to Finishing produced during the year.....		
(4) Specification of Fabric		
(5) Yarn requirement per tonne (including allowance for wastage).....		
(a) Warp		
(b) Dyed yarn		
(c) Cotton/jute Selvedge		
(d) Weft		
(e) Others		
(i) (a) *Prepacked Production in tonnes/yards		
(b) Total loom hours		
(ii) Loom Reed space		
(iii) Loom picks/Min.		
(iv) Production/Loom hour (Finished yards)		
(v) Loom hours/tonne		
(vi) Yardage/tonne		
(vii) Laid length/cut or Roll		
(viii) Finished length/cut or Roll		
(ix) Warp count		
(x) Weft count		
(xi) Warp spindle requirement/loom		
(xii) Weft Spindle requirement/loom		
(xiii) Warp spindle hours/tonne		
(xiv) Weft spindle hours/tonne		

Cost Centres	Absorption Units	Starch	Selvedge	Stores & Spares	Others	Lubricating Oil	Departmental Salaries & Wages	Utilities: Steam	Utilities: Power	Utilities: Other Works Overhead	Repairs & Maintenance	Depreciation	Administration Overhead	Adjustment, if any: Direct Material	Adjustment, if any: Labour	Adjustment, if any: Overhead	Adjustment, if any: Other Expenses	Adjustment, if any: Total	Cost per M.T.: Current year	Cost per M.T.: Previous year
		Rs.	Rs.	Rs.	Rs.	Rs.	Rs.	Rs.	Rs.	Rs.	Rs.	Rs.	Rs.	Rs.	Rs.	Rs.	Rs.	Rs.	Rs.	Rs
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15	16	17	18	19	20	21

Pre-Beaming	—Piece Workers' Wages direct Other —Per rupee of piece workers wages or yardage Starch/Steam—Warp requirement Selvedge—yardage
Beaming	—Piece Workers' Wages direct Others—Per rupee of piece workers' wages or yardage Starch/Steam—Warp requirement Selvedge—Yardage
Weaving	—Piece Workers' wages direct Others —Loom Hours
Inspection	—Piece Workers' wages of yardage Others—Piece workers' wages or yardage
Damping Calendering	Yardage
Cropping Mangling	Yardage
Lapping Rolling 4:	Yardage
Total	

*Prepacked production may be derived from the bale production after adjustment of opening and closing stock.

PROFORMA 'C-3'

	Current year	Previous year
(1) Name of the Company		
(2) Name & address of the Jute Factory		
(3) Statement showing the cost of production of bag (excluding Fabric Cost)		
(4) Quality and Specification of bag		
(5) Sewing twine/100 bags and per tonne of bags		
(6) Weight/bag		
(7) Yards/bag		
(8) Bags/Tonne		
(9) Bags produced]		
(a) Number		
(b) M. Ton		
(c) Fabric consumed in M. Tonnes		
(d) Gunny cutting loss M.T.		
(e) Cutting loss †		

Cost Centres	Absorption Units	Stores & Spares	Others	Lubricating o	Departmental Salaries & Wages	Utilities: Steam	Utilities: Power	Other Works Overhead]	Repairs & Maintenance	Depreciation	Administration Overheads	Adjustment, if any: Direct Materials	Adjustment, if any: Labour	Adjustment, if any:	Adjustment, if any: Other Expenses	Total	Cost per M.T.: Current year	Cost per M.T.: Previous year
		Rs.	Rs.	Rs.	Rs.	Rs.	Rs.	Rs.	Rs.	Rs.	Rs.	Rs.	Rs.	Rs.	Rs.	Rs.	Rs.	Rs.
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15	16	17	18	19

Measuring Cutting	Yards/Pieces
Overhead Sewing	Piece Workers wages direct Others—(a) Related to No. of piece (b) Related to Tonnage
Hemming	Piece Workers' wages direct Others—(a) Related to No. of Piece (b) Related to Tonnage
Hand Sewing	Piece Workers' wages direct Others—(a) Related to No. of piece (b) Related to Tonnage
Union Sewing	Piece Workers' wages direct Others—(a) Related to No. of piece (b) Related to Tonnage
Herackle Sewing	Piece Workers' wages direct Others—(a) Related to No. of Piece (b) Related to Tonnage
Repairing	No. of bags
Branding	No. of bags

PROFORMA 'C-4'

(1) Name of the Company

(2) Name & address of the Jute Factory Total No. of Bales packed.

(3) Quality and specification of bale

(a) Type of goods
(b) No. of yards/bags/per bale or roll
(c) Bales/tonne, Rolls/tonne
(d) No. of Hoops, Buckles, Pins/Bale
(e) Length of Hoop
(f) Pack sheet required
 (*i*) quality/width
 (*ii*) length
(g) Paper/Steel Core
(h) Ends
(i) Polythene sheets
(j) Card Board Disc.

																		Current year	Previous year
Cost Centres	Pack Sheet						Utilities					Adjustment, if any						Cost per M. Ton	
		Packing Materials	Stores and Spares	Others	Lubricating Oil	Departmental Salaries & Wages	Steam	Power	Other Works Overhead	Other Repairs & Maintenance	Depreciation	Administration overhead	Direct materials	Labour	Overhead	Other Expenses	Total		
	Rs.	Rs.	Rs.	Rs.	Rs.	Rs.	Rs.	Rs.	Rs.	Rs.	Rs.	Rs.	Rs.	Rs.	Rs.	Rs.	Rs.	Rs.	Rs.
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15	16	17	18	19	20

(1) Press											
(2) Rolling and Packing											
(3) Gunny Godown											
(4) Factory Mechanic											
(5) Workshop											
(6) Others											
Total											

proforma '*C*-1', '*C*-2', '*C*-3' *and* '*C*-4'

NOTES: (1) Detailed data showing the manner in which the above charges have been arrived at shall be maintained separately in respect of each quality of yarn and specification of sacking/Hessian Carpet Backing/bags/laminated bags/carpets and other jute goods.

(2) Apportionment of common overheads and head office expenses to the jute goods in the case of multi-product units shall be equitable and applied consistently.

(3) Bonus to employees other than incentive bonus provision for statutory gratuity and interest charges shall be shown in Proforma 'E' only and not in any other Proformae.

(4) The above data shall form the basis for preparing individual cost statement in respect of different jute goods as per Proforma 'D'.

(5) Rate of absorption shall be based on actual production and expenses shall be the actual for the year. The basis adopted shall be equitable and consistent.

PROFORMA 'D'

Name of the Company———————————————————

Name and address of the Jute Factory———————————————————

Statement showing the cost of production of prepacked———————————————————

(Specification of sale yarn fabric/bags other products to be indicated)

during the year ending———————————————————

		Current year			Previous year		
		Tonnes	Yds. Mtrs.	No. of bags	Tonnes	Yds. Mtrs.	No. of bags
A.	Production						
B.	(i) No. of rolls per tonne of fabric						
	(ii) Yards per tonne of fabric						
	(iii) (a) Yards per roll of fabric						
	(b) No. of bags per bale						
	(iv) No. of bales per tonne of fabric						
	(v) No. of bags per tonne of fabric						

C. Requirements per tonne of fabric (.....bags, Yards)

Items	Count	Spy in cloth	Weaving waste	Spy Yarn Kg.
1. Warp				
2. Dyed				
3. Selvedge				
4. Sewing				
5. Hemming				
6. Weft				
7. Total				
8. Oil percentage of yarn				
9. Starch percentage of warp yarn				

Particulars	Quantity (Units)	Amount Rs.	Cost per tonne	
			Current year Rs.	Previous year Rs.
1	2	3	4	5
1. Batch cost of raw jute as per Proforma 'B'				
2. *Direct Materials*				
(a) Batching Oil				
(b) Soap				
(c) Starch				
(d) Selvedge yarn				
(e) Stores and spares				

3. Other special materials such as dyes, chemicals (to be specified)
4. Lubricating Oil
5. Direct salaries & wages
6. *Utilities*
 (a) Steam
 (b) Power
7. Other Works Overheads
8. Repairs & Maintenance
9. Depreciation
10. Administration Overheads

(**) 11. Sewing cost

(*) 12. Adjustments for cost/variances, if any, where standard costing system is adopted
 (a) (i) Jute Materials
 (ii) Other direct materials
 (b) Labour
 (c) Over heads (including lubricating oil, utilities, repairs & maintenance, depreciation, etc.)

13. Adjustments for opening and closing balances of work-in-progress.
 (a) Jute cost (beaming onwards)
 (b) Conversion cost (batching to finishing)

TOTAL

14. *STOCK adjustments* (Prepacked goods).
 Add: Opening Stock
 Less: Closing Stock

15. Total cost of finished fabric, bags etc. transferred for packing (Proforma 'E')

NOTES : (**) Applicable in the case of bags as per Proforma C3.

(*) Applicable to companies maintaining records on standard costing system only. In such companies the standards shall be indicated alongside actuals in the cost records with reasons for major variations between actuals and standards.

(1) Separate cost statements shall be maintained in respect of each specification and size of sale yarn fabric/bags/laminated bags, jute carpets, jute tapestry and other jute goods.

(2) Detailed supporting cost data regarding the requirements and actual usage of direc materials/labour, overheads, etc., shall be maintained in Proforma 'C1', C2 and 'C3'.

(3) The process loss percentage computed in Annexure IIA and IIB shall be taken into consideration for determining the quantity requirements of yarn and fabric.

(4) Apportionment of common overheads and head-office expenses to the jute goods in the case of multi-product units shall be equitable and applied consistently.

(5) Bonus to employees other than incentive bonus, provision for statutory, gratuity and interest charges shall be shown in Proforma 'E' only and not in any other Proformae.

(6) Stock adjustments for prepacked finished jute goods shall be made in this Proforma only.

(7) Additional expenses incurred on any order towards cropping and mangling, extra calendering, dyeing, etc., shall be shown in the relevant cost statement and the extra cost indicated in the form of a foot-note therein.

PERFORMA 'E'

Name of the Company———————————

Name and address of the Jute Goods Factory———————————

Statement showing the cost of sales of———————————

Packed and sold during the year ending———————————. (Specification of fabric/ sale yarn other products to be indicated)

	Current year			Previous year		
	Quantity			Quantity		
	Tonnes	Yards Metres	No. of bags	Tonnes	Yards Metres	No. of bags
I. (a) Quantity packed						
(b) Quantity actually sold						
(c) Quantity used for self consumption.						
II. (a) No of yards per roll						
(b) No of bags per bale.						

Particulars	Qty.	Rate	Total Cost	Cost per tonne		Cost per bale/100	
				Current year	Previous year	Current year	Previous year
		Rs.	Rs.	Rs.	Rs.	Rs.	Rs.
1	2	3	4	5	6	7	8
1. Cost of pre-packed jute goods transferred from Proforma 'D'							
2. *Packing Cost* :							
(a) (i) Pack Sheet							
(ii) Hoops							
(iii) Buckles							
(iv) Pins							
(v) Paper Cardboard cores for carpet backing.							
(vi) Discs							
(vii) Polythene sheets							
(viii) Other packing materials							
(b) (i) Wages							
(ii) Overheads							
(iii) Depreciation							
TOTAL							
3. *Stock Adjustments* (Packed goods only)							
Add : Opening Stock							
Less : Closing Stock							
Cost of quantity packed and actually sold							
4. *Selling & Distribution Expenses* (For quantities sold only)							
(i) Salaries & wages							
(ii) Commission, if any							
(iii) F.A.S. Boating charges/ Lorry hire charges							
(iv) Share of Administration Overheads							
(v) Other expenses							

1	2	3	4	5	6	7	8
5. Total cost including selling and distribution expenses.							
6. Interest charges.							
7. Annual bonus to employees (other than incentive bonus).							
8. Provision for statutory gratuity.							
9. Other expenses not included in cost (to be specified.							
10. Total expenses excluding excise duty for quantity sold within the country in cluding self consumption.							
11. Sales realisation excluding excise duty for quantity sold within the country :							
(i) Self consumption							
(ii) Sales to others							
TOTAL							
12. Margin							
13. Average sales realisation per tonne/bale/100 bags							
14. Margin per tonne/bale/100 bags.							

NOTES : (1) Separate cost statements shall be maintained in respect of each individual specification and size of jute goods including sale yarn, if any.

(2) The apprortionment of common selling and distribution expenses to the product the case of multi-product units shall be equitable and consistent.

(3) Special expenses incurred on export packing, if any, shall be shown separately in the relevant cost statement for such exports.

(4) Bonus to employees other than incentive bonus, provision for statutory gratuity and interest charges shall be shown separately in Proforma 'E' only and not in any other Proforma in respect of Jute goods.

(5) If the entire or part of the packing plant is used for packing of other products in addition to jute goods, the apportionment of the operating expenses of the packing plant including labour costs to the different products shall be equitable and applied consistently. Supporting data relating to packing cost shall be maintained in Proforma 'C-4'.

(6) Self consumption of one category of jute goods used for conversion into another category of jute goods such as hessian used for the manufacture of carpets or tapestry shall be charged at actual cost and the final cost reflected in Profprma 'D' and 'E for the relevant final jute goods.

(7) If any jute goods are utilised by the company for the manufacture of any other goods not covered by these rules (e.g. linoleum) the quantity, rate and value of such self consumption shall be indicated separately in this Proforma.

(8) Self consumption of finished jute good by the company such as jute bags used for packing cement shall also be shown separately in Proforma 'EE' indicating the quantity, rate and value thereof.

PROFORMA 'F'

Name of the Company———————————

Name & address of the Jute Factory———————————

Statement showing the allocation of total expenses and income of the company in respect of jute goods activity and other activities of the company for the year ending———————————

	Broad Looms Nos.	Narrow Looms Nos.	Spindles Nos.	Quantity Tonnes
(i) Licensed Capacity				
(ii) Installed Capacity				
(iii) Budgeted Capacity				
(iv) Actual utilisation/ production during the year.				
(v) Percentage of (iv)to (ii)				
(vi) Percentage of (iv)to (iii)				

	Carpet Packing		Hessian		Sacking		Others	
	Warp	Weft	Warp	Weft	Warp	Weft	Warp	Weft
(vii) Overall spindle efficiency								
(a) Fine Side								
I. Appron Draft								
II. Slip Draft								
III. Others								
(b) Coarse Side								

	Carpet Packing	Hessian	Sacking	Cotton Bagging
(viii) Over all Loom efficiency				

S. No.	Particulars	Total actual expenses	Share applicable to	
			Jute Goods Activity	Other Activities
		Rs.	Rs.	Rs.
1	2	3	4	5
1.	Raw materials			
2.	Other materials consumed			
4.	Utilities.			
5.	Other Works Overheads			
6.	Repairs & Maintenance			
7.	Depreciation.			
8.	Administralon overheads			
	TOTAL			

1	2	3	4	5
9.	Adjustment for difference between opening and closing balance of work-in-progress.			
	TOTAL			
10.	Less : *Credits for recoveries* (i) Caddies, waste (ii) Others			
11.	Packing Cost			
12.	Stock adjustments for difference between opening and closing stock			
	(i) Pre-packed Stock			
	(ii) Packed Stock			
	TOTAL			
13.	Selling and Distribution expenses			
	TOTAL			
14.	Annual bonus to employees other than incentive bonu.			
15.	Provision for statutory gratuity.			
16.	Interest charges.			
17.	Other expenses not included in cost (item to be specified)			
	TOTAL			
18.	Less any other income not considered in costs (to be specified).			
19.	Total excluding excise duty.			
20.	Deduct export benefits, if any.			
21.	Net sale realisation (excluding excise duty).			
22.	Margin			

All items of income and expenditure in this Proforma shall be reconciled with the financia accounts for the relevant period.

[No. 52/141/73-CAB]

P. B. MENON, Jt. Secy.

विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्रालय

(कम्पनी कार्य विभाग)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 29 दिसम्बर, 1975

(जूट के माल का विनिर्माण करने वाली कम्पनियों के वर्ग के लिए लागत लेखा अभिलेख नियमों का अन्तिम प्रारूप)

लागत लेखा अभिलेख (जूट का माल) नियम, 1975

सा० का० नि० 590(अ).—केन्द्रीय सरकार, कम्पनी अधिनियम, 1956 (1956 का 1) की धारा 209 की उपधारा (1) के खण्ड (घ) के साथ पठित धारा 642 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात्:—

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ.**—(i) इन नियमों का संक्षिप्त नाम लागत लेखा अभिलेख (जूट का माल) नियम, 1975 है।

(ii) ये प्रथम जनवरी, 1976 को प्रवृत्त होंगे।

2. **लागू होना.**—ये नियम जूट के माल का उत्पादन, प्रसंस्करण या विनिर्माण करने में लगी हुई प्रत्येक कम्पनी को लागू होंगे।

3. **परिभाषाएं.**—इन नियमों में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो, "जूट का माल" पूर्णतया जूट से जिसमें बिमलीपत्तम जूट या मेस्ता के रेशे भी आते हैं, या वज़न के अनुसार कम से कम 50 प्रतिशत जूट युक्त, बने हुए धागा, डोरी, कपड़े या अन्य कोई उत्पाद अभिप्रेत है।

4. **अभिलेखों का रखा जाना.**—(1) प्रत्येक कम्पनी जिसको यह नियम लागू हों, इन नियमों के प्रारम्भ पर या उसके पश्चात् प्रारम्भ होने वाले अपने प्रत्येक वित्तीय वर्ष की बाबत समुचित लेखा पुस्तकें रखेगी जिनमें अन्य बातों के साथ-साथ सामग्री, श्रम और लागत के अन्य मदों के उपयोग के सम्बन्ध में, जहां तक वे जूट के माल को लागू हैं, इन नियमों से उपाबद्ध अनुसूची 1 और 2 में विनिर्दिष्ट विशिष्टियां होंगी: परन्तु यदि उक्त कम्पनी किन्हीं अन्य उत्पादनों का विनिर्माण कर रही है या जूट के माल के अतिरिक्त अन्य क्रियाकलापों में भी लगी है तो सामग्री, श्रम और लागत की अन्य मदों के सम्बन्ध में विशिष्टियां, जहां तक वे ऐसे अन्य उत्पादों या क्रिया-कलापों को लागू हैं, ऐसे जूट के माल की लागत में सम्मिलित नहीं की जाएंगी।

(2) उपनियम (1) में निर्दिष्ट लेखा बहियां इस प्रकार से रखी जाएंगी कि किसी वित्तीय वर्ष (जिसे इसमें इसके पश्चात् सुसंगत अवधि के रूप में निर्दिष्ट किया गया है) के दौरान जूट के माल की प्रत्येक किस्म की उत्पादन लागत और बिक्री लागत की संगणना उसमें प्रविष्ट की गई विशिष्टियों से सम्भव हो सके। अनुसूची 2 में विनिर्दिष्ट ऐसी लेखा बहियां और प्ररूप कम्पनी के उस वित्तीय वर्ष, जिससे वे सम्बन्धित हैं, की समाप्ति से नब्बे दिन के भीतर पूरी कर ली जाएंगी।

(3) कम्पनी अधिनियम, 1956 (1956 का 1) की धारा 209 की उपधारा (6) और उपधारा (7) में निर्दिष्ट प्रत्येक व्यक्ति, कम्पनी द्वारा उपनियम (1) और (2) के उपबन्धों का उसी रूप में अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए हर युक्तियुक्त कदम उठाएगा, जिस रूप में वे उक्त अधिनियम

की धारा 209 की उपधारा (1) के अधीन अपेक्षित वित्तीय लेखाओं को बनाए रखने के लिए उत्तरदायी है।

5. **शास्ति**.—यदि कोई कम्पनी, नियम, 4 के उपबन्धों का उल्लंघन करती है, तो वह कम्पनी और उसका प्रत्येक अधिकारी, जो व्यतिक्रमी है, जिसके अन्तर्गत उस नियम के उपनियम (3) में निर्दिष्ट व्यक्ति भी आते है, जुर्माने से जो पांच सौ रुपए तक हो सकेगा, दण्डनीय होगा और जहां उल्लंघन जारी रहने की दशा मे अतिरिक्त जुर्माने से, जो प्रथम दिन के पश्चात् प्रत्येक ऐसे दिन के लिए पचास रुपए होगा, जिसके दौरान ऐसा उल्लंघन होता रहता है, दण्डनीय होगा।

अनुसूची—1

(नियम 4 देखिये)

1. **सामग्री :**

(क) **कच्ची सामग्री**– (i) **कच्चा जूट**.–विभिन्न कार्य केन्द्रों या कारखाने के द्वारा पर उपाप्त कच्चे माल की किस्म के अनुसार, जैसी कि मिल के वर्गीकरण के अनुसार हों, तथा बाजार के तत्सम्बन्धी वर्गीकरण के अनुसार, जैसे कि टोसा, टाप, टौसा एल जी, टोसा एस जी, टोसा एस मिड, टोसा मिड, टोसा बोट, टोसा बी० बोट, टोसा एक्स, बाट, सफेद एम मिड, सफेद मिड, सफेद बाट, सफेद बी बाट सफेद एक्स बाट, मेस्ता टाप, मेस्ता एस०मिड, मेस्ता मिड, मेस्ता बाट, मेस्ता बी०बाट, मस्ता एक्स बोट तथा कटिंग आदि, विभिन्न प्रवर्गों की मात्रा और लागत दर्शित करते हुए समुचित अभिलेख रखे जाएंगे। अभिलेखों मे ऐसे ब्यौरे सम्मिलित होंगे ताकि कम्पनी प्रत्येक श्रोत से प्राप्तियों (जिसके अन्तर्गत संकर्म पर्यन्त उपगत सभी प्रत्यक्ष प्रभार भी है) निर्गमों तथा अतिशेषों की मात्रा तथा लागत अवधारित कर सके। अभिलेखों में संविदा मूल्यों में से उच्चतर नमी की मात्रा और गिरी हुई किस्म के कारण तथा किसी अन्य कारण से की गई कटौतियां भी दिखाई जाएंगी। कच्चे जूट की विभिन्न किस्मों और मात्राओं के क्रय और विक्रय के लिए की गई संविदाओं को दर्शित करने वाले सविस्तार अभिलेख भी रखे जाएंगे। आंकड़े ऐसी रीति मे रखे जाएंगे जिससे कम्पनी प्ररूप 'क' मे आवश्यक विशिष्टियां प्रस्तुत कर सके। जूट के मालों जैसे कि सैकिंग हैसियन, कारपैट बैकिंग, विक्रय के लिए धागा, डोरी (टवाइन) या किसी अन्य उत्पाद के लिए अपेक्षित विभिन्न काऊंटों के धागे के विनिर्माण के लिए उपयोग में लाए गए कच्चे जूट के लिए प्रभारित दर लागत अभिलेखों में प्रकट की जाएगी। उपयोग में लाए गए जूट का मूल्य विभिन्न काऊंटों के धागे के विनिर्माण के लिए प्रयोग में लाए गए विभिन्न किस्म के कच्चे माल की मात्रा को ध्यान में रख कर अवधारित किया जाएगा। यदि उपयोग मे लाए गए माल के मूल्य की संगणना करने के लिए आधारित दर वास्तविक लागत से भिन्न है तो मूल्य को इस प्रकार से बैठाया जाएगा ताकि वह कम से कम वित्तीय वर्ष की समाप्ति के पूर्व वास्तविक मूल्य से मेल खाए।

(ii) **कच्चे जूट की बैच लागत**.—विभिन्न किस्मों और काऊंटों के धागे जैसे कि 8 पौंड वाला हैसियन वार, 9 पौंड वाला हैसियन वार, 10 पौंड वाला हैसियन वार के उत्पादन में प्रयोग मे लाए गए कच्चे माल की किस्म के अनुसार, मात्राएं और उनकी लागत को दर्शाने वाले समुचित अभिलेख प्ररूप 'ख' में रखे जाएंगे। मामूली (कोर्स) धागे के विनिर्माण में प्रयुक्त लाइन कटिंगों, हैसियन कटिंगों गूदड़ (वेस्ट यार्न) कडी आदि का मात्राओं के ब्यौरे प्ररूप 'ख' में, या तो वास्तविक आंकड़ों के आधार पर या सुसंगत काऊंट के लिए मानक के आधार पर रखे जाएंगे। वर्ष के दौरान उत्पादित जूट के माल, प्ररूप 'ख' में दी गई संक्षिप्ति के आधार पर, के विनिर्माण में प्रयुक्त, सकल मात्रा तथा जूट, कटिंग, गूदड़ आदि के विभिन्न बैचों की लागत का मेल अनुसूची, 2 के प्ररूप क और क 1 के अनुसार उपयोग में लाए गए जूट की सकल मात्रा और लागत से बैठना चाहिए। जहां मानकों को आधार बनाया जाए

वहां अन्तरों को प्ररूप ख के अन्तर्गत धागे की प्रत्येक किस्म के लिए प्रयोग में लाए गए कच्चे जूट समूह के वृहत वर्गीकरण के अनुसार, संयोजित किया जाएगा। ऐसे कच्चे जूट के समूह कम से कम तीन प्रकार के होंगे अर्थात् उच्च, मध्यम तथा निम्न। जहां कच्चे माल के उपयोग और मूल्य की संगणना के लिए मानकों को स्वीकार किया जाए वहां कच्चे जूट की विभिन्न किस्मों के उत्पादन की प्रतिशत मानक मात्रा को बनाए रखा जाएगा।

(ख) **सीधी सामग्री.**—(i) **बैचिंग एमलशन :** सीधी सामग्री की प्रत्येक मद का जैसे कि बैचिंग तेल, साबुन और अन्य एमलशन सामग्री जिसका प्रयोग कच्चे जूट की विभिन्न किस्मों को मुलायम करने के लिए किया जाए, की मात्राओं और लागत के अनुसार प्राप्तियां, निर्गम और अतिशेष दर्शित करने वाले समुचित लेखे रखे जाएंगे। लागत में संकर्मों पर उपगत, जहां भी वे विनिर्दिष्टतः उपगत किए जाएं, प्रत्यक्ष प्रभार सम्मिलित होंगे। निर्गम के साथ विभागों और लागत केन्द्रों की विशिष्टयां भी दी जाएंगी जहां तक कि बैच और विभिन्न उत्पादों का सम्बन्ध है यदि इन मानकों को ग्रहण किया जाए तो अन्तरण को साम्यपूर्ण और निरन्तर सामान आधार पर संयोजित किया जाएगा।

(ii) **काटन सैलवेज.**—सैलवेज के धागे की मात्राओं और लागत दोनों की बाबत प्राप्तियों, निर्गमों और अतिशेषों से युक्त समुचित अभिलेख रखे जाएंगे जिनमें निर्गमों की सम्यक, पहचान के लिए विभाग, लागत केन्द्रों और उत्पादों जैसे सैंकिंग, हैसियन, कारपैट बैंकिंग के पृथक-पृथक ब्योरों, का उल्लेख किया जाएगा। लागत के अन्तर्गत संकर्म पर्यन्तउपगत सभी प्रत्यक्ष प्रभार, जहां भी वे विनिर्दिष्टत : उपगत किए गए हो, सम्मिलित होंगे। यदि मानकों को ग्रहण किया जाए तो अन्तरों को साम्यपूर्ण और निरन्तर, समान आधार पर संयोजित किया जाएगा।

(iii) **वसा.**—टी० एस० चूर्ण या वसा की अन्य मदों की मात्रा और लागत दोनों की बाबत प्राप्तियों, निर्गमों और अतिशेषों को दर्शाने वाले समुचित अभिलेख रखे जाएंगे। लागत के अन्तर्गत संकर्म पर्यन्त उपगत सभी प्रत्यक्ष प्रभार सम्मिलित होंगे। निर्गमों की सम्यक् पहचान के लिए विभागों, लागत केन्द्रों और उत्पादों जैसे कि सैंकिंग, हैसियन और कारपैट बैंकिंग का उल्लेख किया जाएगा। विभिन्न आकार प्रकार के जूट के मालों के विनिर्माण में प्रयुक्त वसा की लागत का बंटवारा युक्तियुक्त पूर्ण आधार पर किया जाएगा और निरन्तर उसी को अपनाया जाएगा।

(ग) **स्नेहक तेल.**—कारखाने द्वारा प्रयुक्त स्नेहक तेल की प्रत्येक मद की मात्रा और लागत दोनों की बाबत प्राप्तियों, निर्गमों और अतिशेषों को दर्शाने वाले समुचित अभिलेख रखे जाएंगे। निर्गमों की सम्यक् पहचान के लिए विभागों, लागत केन्द्रों और उत्पादों का उल्लेख किया जाएगा और निर्गमों प्रत्येक उत्पाद की लागत में मशीन घंटों, स्पिंडल घंटों, लूम घंटों के आधार पर या किसी अन्य अधिक उपयुक्त आधार पर समामेलित किए जाएंगे।

(घ) **उपयोज्य भण्डार, छोटे औजार, मशीनों के फालतू पुर्जे आदि.**—(i) उपयोज्य भण्डार, छोटे औज़ारों और मशीनों के फालतू पुर्जों की प्रत्येक मद की प्राप्तियों, निर्गमों, अतिशेषों की मात्राओं और लागतों को दर्शित करने वाले समुचित अभिलेख रखे जाएंगे। दर्शित लागत में संकर्म पर्यन्त उपगत सभी सीधे प्रभार, जहां कहीं वे विनिर्दिष्टतः उपगत किए गए हों, सम्मिलित होंगे।

(ii) उपयोज्य भण्डारों और छोटे औजारों की दशा में जिनकी लागत नगण्य है, कम्पनी यदि वह ऐसा करना चाहे तो, ऐसी मदों के मुख्य समूहों के लिए ऐसे अभिलेख रख सकती है।

(iii) उपयोज्य भण्डारों, छोटे औजारों और मशीनों के फालतू पुर्जों के निगम की लागत सुसंगत लेखा शीर्षों, जैसे उत्पादन, सयत्र तथा मशीनों की मरम्मत और रखरखाव, भवनों की मरम्मत, विभागों और लागत केन्द्रों की पहचान के साथ, सुसंगत शीर्षों पर उपगत किए जाएंगे। प्रत्येक विभाग और लागत केन्द्र से सम्बन्धित ये व्यय मशीन घंटों, स्पिंडल घंटे और लूम घंटों के आधार पर या किसी अन्य अधिक उपरोक्त आधार पर पृथक-पृथक उत्पादों की लागत में समामेलित किए जाएंगे ।

पूंजी संकर्मों के जैसे भवनों, संयंत्र और मशीनों तथा अन्य आस्तियों को बढ़ाने के लिए उपयोग में लाई गई सामग्री सुसंगत पूंजी शीर्षों के अन्तर्गत दिखाई जाएगी।

(ङ) **सामग्री पर बरबाद होना, खराब होना, अस्वीकृत किया जाना और उसके भार में हानि और वृद्धि**.—कच्चा जूट, अन्य सीधी सामग्री, स्नेहक तेल, उपयोज्य भण्डार, छोटे औजारों और मशीनों के फालतू पुर्जों की मात्रा और लागत में चाहे अभिवहन के दौरान या भाण्डारकरण या विनिर्माण के दौरान, अथवा किसी अन्य कारण से हुई बरबादी, उनकी खराबी, उनका अस्वीकृत किया जाना और नुकसान होना दर्शाने वाले समुचित अभिलेख रखे जाएंगे।

निर्दिष्ट किए गए उत्पाद की लागत अवधारित करने में उपरोक्त नुकसानों तथा अस्वीकृत और बरबाद हुई सामग्रियों के जिसके अन्तर्गत स्क्रैप, यदि कोई हों, भी है, व्ययन से होने वाली आय को समायोजित करने के लिए अपनाई गई पद्धति लागत अभिलेख में उपदर्शित की जाएगी।

वजन में समग्र बर्बादी और वृद्धि की एक पृथक विवरणी जिसमें अन्तिम रूप दिए गए जूट उत्पाद के वजन में शुद्ध हानि या वृद्धि का समग्र आधार पर दिखाया जाएगा, इस अनुसूची के उपाबन्ध I में उपदर्शित के अनुसार रखी जाएगी। लाइन कटिंगों, केडियों, गूदड़ और अन्य बरबाद हुई सामग्री की वसूली और उपभोग के लिए अनुसूची 2 के प्ररूप क1 में पृथक अभिलेख मात्रा और लागत के अनुसार रखा जाएगा। बाउंडिंग और वीविंग के बीच तथा वीविंग और फिनिशिंग के बीच हुई हानियों को दर्शाने वाले पृथक् अभिलेख उपाबन्ध II और उपाबन्ध II के अन्तर्गत रखे जाएंगे। इन मदों के लागतों के समायोजन के लिए बनाई गई रीति निरन्तर एक सी होगी और लागत अभिलेखों में उसका उल्लेख किया जाएगा।

2. वेतन और मजदूरी :

(क) सभी कर्मचारियों की उपस्थिति और उनके उपार्जनों तथा उन विभागों, लागत केन्द्रों तथा कार्यों जिन पर उन्हें नियोजित किया गया हो, दर्शित करने वाले समुचित अभिलेख रखे जाएंगे। अभिलेखों में प्रत्येक विभाग और लागत केन्द्र के लिए निम्नलिखित तथ्य पृथकतः दर्शित किए जाएंगे :

(i) उपार्जित मात्रानुपाती दर मजदूरी ;

(ii) उपार्जित प्रोत्साहन मजदूरी जो चाहे व्यष्टितः या सामूहिक रूप से उत्पादन बोनस रूप में या उत्पादन पर आधारित किसी अन्य स्कीम के अन्तर्गत उपार्जित की गई हो ;

(iii) उपार्जित अतिकालिक मजदूरी ;

(iv) नैमित्तिक कार्य पर लगाए गए श्रमिकों के उपार्जन।

(ख) निष्क्रिय समय की प्रविष्टियां उसके कारणों का उल्लेख करते हुए वर्गीकृत शीर्षों के अन्तर्गत पृथकत: लेखबद्ध किया जाएगा। उत्पादन लागत अवधारित करने में निष्कार्य समय के लिए किए गए संदायों की गणन करने में अपनाई गई पद्धति को लागत अभिलेखों में स्पष्ट किया जाएगा ।

(ग) पूंजी संकर्मों जैसे संयंत्रों और मशीनों, भवनों में वृद्धियां, या अन्य स्थायी आस्तियों को आवंटन योग्य मजदूरी और वेतन सुसंगत पूंजी शीर्षों के अन्तर्गत सम्मिलित किए जाएंगे।

(घ) प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष मजदूरी जिनके अन्तर्गत आनुषंगीय हित लाभ सम्मिलित हैं, जो कि लागत केन्द्रों को आवंटित किए गए हों (सिवाय मात्रानुपाती पर मजदूरी के) मशीन घंटों, स्पिंडल घंटों, लूम घंटों के आधार पर या किसी अन्य अधिक उपयुक्त आधार पर समान्यत: विभिन्न उत्पादों की लागत में समामेलित की जाएगी।

मात्रानुपाती दर मजदूरी, जिसके अन्तर्गत आनुषंगीय हित लाभ सम्मिलित हैं, तत्सम्बन्धी कुल उत्पादन के आधार पर जैसे कि गज, बैल, भागों की संख्या या टन पर संगणित की जाएगी।

3. लेखा विभाग के खर्चे :

लागत केन्द्र पर प्रत्येक सेवा विभाग पर उपगत खर्चों को उपदर्शित करने वाले ब्यौरेवार अभिलेख रखे जाएंगे। ये खर्चे साम्यापूर्ण आधार पर अन्य सेवा और उत्पादन विभागों को सारित किये जायंगे।

4. उपयोगी वस्तुएं :

(क) **भाप**.—जहां कम्पनी की जूट फैक्टरी द्वारा भाप तैयार की जाती है वहां तैयार की गई जूट के माल के उत्पादन के लिए उपयोग में लाई गई भाप की मात्रा और लागत के समुचित अभिलेख रखे जाएंगे जिससे कम्पनी इस अनसूची के उपाबन्ध III में के लिए को आवश्यक विशिष्टियां दे सके। कम्पनी, जूट कारखाने और अन्य एककों द्वारा उपयुक्त भाप की लागत युक्तियुक्त आधार पर संगणित की जाएगी और निरन्तर वही रहेगी। जहां कम्पनी के किसी अन्य एकक द्वारा जूट कारखाने के लिए भाप तैयार की जाए और उसकी आपूर्ति की जाए वहां इस प्रकार आपूर्ति की गई भाप की लागत युक्तियुक्त पूर्ण आधार पर जूट के माल की संक्रियाओं पर प्रभारित की जाएगी और निरन्तर वही रहेगी।

भाप की लागत पृथक-पृथक उत्पादों पर युक्तियुक्त आधार पर प्रभारित की जाएगी और निरन्तर वही रहेगी।

(ख) **विद्युत**.—क्रय की गई विद्युत की मात्रा और लागत पर दर्शित करने वाले, समुचित अभिलेख रखे जाएंगे। जहां कम्पनी स्वयं विद्युत तैयार करे वहां तैयार की गई विद्युत की लागत दर्शित करने वाले वैसे ही उपयुक्त अभिलेख रखे जाएंगे जैसे कि भाप के लिए। अभिलेखों में विभिन्न विभागों और लागत केन्द्रों द्वारा उपयुक्त विद्युत की प्रविष्टियां भी रखी जाएंगी। विद्युत की लागत युक्तियुक्त आधार पर लागत केन्द्रों प्रभारित की जाएगी और युक्तियुक्त आधार पर, जैसे कि मशीन घटे, स्पिंडल घंटे, लूम घटे, पृथक-पृथक उत्पादों में समामेलित की जाएगी और निरन्तर वही आधार रहेगा।

5. कर्मशाला।फाउंडरी।मरम्मत तथा रखरखाव :

कर्मशाला/फाउंडरी द्वारा विभिन्न शीर्षों के अन्तर्गत उपगत खर्चों को दर्शित करने वाले समुचित अभिलेख रखे जाएंगे। विभिन्न विभागों और लागत केन्द्रों द्वारा मरम्मत और रखरखाव के सम्बन्ध में भी वैसे ही अभिलेख रखे जाएंगे। अभिलेखों में वह आधार दर्शित

किया जाएगा जिस पर कर्मशाला के खर्चों को विभिन्न विभागों और लागत केन्द्रों पर प्रभारित किया जाएगा। इस प्रकार नियत किया खर्चा मशीन घंटों, स्पिंडल घंटों, लूप घंटों के आधार पर या किसी और अधिक उपयुक्त आधार पर पृथक-पृथक उत्पादों पर प्रभारित किया जाएगा।

ऐसे प्रमुख मरम्मत संकर्मों पर खर्च, जिनसे एक से अधिक वित्तीय वर्षों तक फायदा होना हो, लागत अभिलेखों में सुसंगत अवधि के दौरान विनिर्मित विभिन्न जूट के माल की लागत अवधारित करने में उसकी गणना की रीति उपदर्शित करते हुए पृथक-पृथक उपदर्शित किए जाएंगे।

पूंजीगत प्रकृति के संकर्मों पर उपगत खर्चे पूंजीकृत किए जाएंगे। ऐसे कार्य की लागत में सामग्री, श्रम और उपरिव्यय का अंश सम्मिलित होगा। जूट के माल के कारखाने की कर्मशाला / फाउंडरी द्वारा कम्पनी के किसी अन्य एकक के लिए, तथा इसके विपरीत कार्य के लिए, खर्चे युक्ति-युक्त पूर्ण आधार पर प्रभारित किए जाएंगे और निरन्तर वही आधार रहेगा।

6. अवक्षयण :

(क) जिन स्थायी आस्तियों की बाबत अवक्षयण की व्यवस्था की जाती है उनकी लागत और अन्य विशिष्टियां दर्शित करने वाले समुचित अभिलेख रखे जाएंगे। ये अभिलेख, अन्य बातों के साथ-साथ, आस्तियों के प्रत्येक मद की, जिसके अन्तर्गत संस्थापन प्रभार, यदि कोई हो, भी है, अर्जन की तारीख, संस्थापन की तारीख और अवक्षयण की दर भी उपदर्शित करेंगे। उन आस्तियों के सम्बन्ध में जिनके अर्जन की मूल लागत बहुत व्यय करने पर या विलम्ब से ही निश्चित की जा सकती हो, उनका वित्तीय वर्ष के आरम्भ के प्रथम दिन या इन नियमों के आरम्भ के पश्चात् बहियों में दिखाए गए मूल्यांकन को ही आदि अतिशेष माना जाएगा।

(ख) जिस आधार पर अवक्षयण की संगणना की जाए और विभिन्न विभागों और लागत केन्द्रों पर तथा उत्पादों पर उसे प्रभारित किया जाए उसका स्पष्ट उल्लेख अभिलेखों में किया जाना चाहिए। जहां तक सम्भव हो अवक्षयण को सम्बन्धित मशीन घंटों, स्पिंडल घंटों और लूम घंटों के आधार पर पृथक-पृथक उत्पादों की लागत में समामेलित किया जाना चाहिए। विभिन्न विभागों और लागत केन्द्रों पर प्रभार्य अवक्षयण कम्पनी अधिनियम, 1956 (1956 का 1) की धारा 205 की उपधारा (2) के उपबन्धों के अनुसरण में प्रभार्य अवक्षयण की रकम से कम नहीं होगा और वह ऐसे विभागों और लागत केन्द्रों में उपयोग में लाए गए संयंत्रों, मशीनों और अन्य स्थायी आस्तियों से सम्बद्ध होगा। ऐसी दशा में जब किसी वित्तीय वर्ष में लागत अभिलेखों में प्रभारित अवक्षयण की राशि कम्पनी अधिनियम के अधीन प्रभार्य अवक्षयण की राशि से अधिक हो, इस प्रकार प्रभारित अधिक राशि तथा विनिर्मित जूट उत्पादों में से प्रत्येक के उत्पादन की लागत इकाई पर ऐसे आधिक्य अवक्षयण का भार लागत अभिलेखों में स्पष्टतः दिखाया जाएगा। आस्तियों की किसी एकल मद के संबंध में लागत अभिलेखों में प्रभारित सम्पूर्ण अवक्षयण सम्बन्धी आस्ति की मूल लागत से अधिक नहीं होगी।

7. उपरिव्यय :

उपरिव्यय की विभिन्न मदों को दर्शित करने वाले समुचित अभिलेख रखे जाएंगे। ये व्यय संकर्म, प्रशासन और विक्रय तथा वितरण उपरिव्ययों के रूप में विश्लेषित, वर्गीकृत और श्रेणीकृत किए जाएंगे। उपरिव्ययों को उत्पादन लागत में समामेलित करने की पद्धति भी लागत अभिलेखों में दर्शित की जाएगी। जहां तक सम्भव हो संकर्म और प्रशासन उपरिव्यय, यथास्थिति, मशीन घंटों, स्पिंडल घंटों, मात्रानुपाती मजदूरी, गजों, बेलों या अन्य इकाइयों के आधार पर पृथक-पृथक जूट के माल पर प्रभारित किए जाएंगे।

जहां कम्पनी जूट के माल के अतिरिक्त किसी अन्य उत्पाद के विनिर्माण में भी लगी हो वहां अभिलेखों में वह आधार स्पष्ट रूप से उपदर्शित किया जाएगा जिसके अनुसार सामान्य उपरिव्ययों को, जिसके अन्तर्गत कम्पनी के मुख्यालय के व्यय भी हैं, जूट के माल की संक्रियाओं, अन्य संक्रियाओं और पूंजीगत संकर्मों पर प्रभारित किया जाएगा। उपरिव्ययों को इस प्रकार प्रभारित करने के लिए अनुसरण किया जाने वाला आधार साम्यापूर्ण होना चाहिए।

विक्रय तथा वितरण के व्ययों के ब्योरे और उनमें का वह अंश जो जूट के माल की संक्रियाओं से सम्बन्धित हो और जूट के पृथक-पृथक माल पर प्रभारित किया जाए, इस रीति से दिखाए जाएंगे ताकि कम्पनी अनुसूची 2 के प्ररूप (ङ) में की विशिष्टियों को भर सके। पृथक-पृथक उत्पादों पर बटवारा साम्यापूर्ण होगा और निरन्तर वही रहेगा।

जूट के माल के निर्यात, यदि कोई हो, पर उपगत व्ययों को दर्शित करने वाले अभिलेख पृथक रूप से इस प्रकार रखे जाएंगे ताकि निर्यात विक्रयों की लागत सही-सही अवधारित की जा सके। निर्यातों पर उपगत व्यय तथा उपार्जित निर्यात विक्रय से सम्बन्धित लागत विवरणियों से स्पष्ट तथा प्रतीत होने चाहिएं।

8. पैकिंग :

जूट के माल की विभिन्न मदों में से प्रत्येक की पैकिंग के लिए प्रयुक्त विभिन्न पैकिंग सामग्री, जैसे हूप्स, बकिल, पिन, पैकशीट, पेपर कार्डबोर्ड कोर, डिस्क, पालिथीन शीट इत्यादि की मात्रा और लागत को दर्शाने वाले समुचित अभिलेख इस प्रकार से रखे जाएंगे कि प्ररूप ग–4 को भरा जा सके। विभिन्न जूट के मालों की पैकिंग के विभिन्न रूपों जैसे बैलिंग, रोलिंग तथा किसी अन्य स्वरूप के सम्बन्ध में उपगत मजदूरी और अन्य व्ययों को दर्शित करने वाले अभिलेख विभिन्न पैकों की लागत की संगणना के लिए रखे जाएंगे। जहां इस प्रकार के व्यय सामान्य रूप से उपगत किए जाते हों वहां विभिन्न जूट उत्पादों पर व्ययों को प्रभारित करने का आधार लागत अभिलेखों में स्पष्ट रूप से उपदर्शित किया जाएगा और निरन्तर वही रहेगा।

विशेष व्ययों, यदि कोई हों, की बाबत, जो किसी विशिष्ट निर्यात की पैकिंग के लिए उपगत किए जाएं, पृथक अभिलेख रखे जाएंगे और ऐसे निर्यात के लिए सुसंगत लागत विवरणी में ऐसे व्यय दिखाए जाएंगे।

9. विशेष क्रियावेशों पर अतिरिक्त व्यय:

विशेष समाकर्तन (क्रार्पिंग) और मैंगलन (मैंगलिंग), अतिरिक्त कैलेण्डरण (कलैंडरिंग), रंगाई तथा ब्रांडीकरण (ब्रांग्जि) पर उपगत व्ययों को पृथक रूप से उपदर्शित किया जाएगा और सम्बद्ध उत्पाद पर प्रभारित किया जाएगा।

10. छत्तर उपयोग (कैप्टिव कंजम्पशन) के लिए जूट के माल का अन्तरण :

स्व उपयोग सैल्फ कंजम्पशन के लिए कम्पनी के अन्य विभाग। एकक को अन्तरित किए गए जूट के माल की प्रत्येक मद की मात्रा और लागत को दर्शाने वाले समुचित अभिलेख रखे जाएंगे। लागत अभिलेखों में वे दरें दिखाई जाएंगी जिन पर ऐसे अन्तरण किए गए हों।

